an>

Title : Need to provide justice to Dalits affected by the land dispute with the upper castes in Bopur village of Sangrur district in Punjab.

श्री संतोख सिंह चौधरी (जालंधर) : माननीय सभापति जी, मैं अपने प्रांत पंजाब के जिला संगरूर के बोपर गांव में 15 मई 2014 से जमीन विवाद को लेकर जो मसला है, उसके बारे में यहां बताना चाहता हूं। गांव की उच्च जाति के लोगों ने 110 दलित परिवारों से सोशल बॉयकॉट किया हुआ है और इसके चलते वहां बड़ी गंभीर स्थिति बनी हुई है। वहां उनके साथ रोटी-पानी बंद किया हुआ है। दुकानों से उनको राशन लेने नहीं दिया जा रहा है। उनको खेतों में काम करने नहीं दिया जा रहा है।...(व्यवधान)

श्री भगवंत मान (संगरूर): मैं बताना चाहता हूं कि वह मसला हल हो गया है।...(व्यवधान)

श्री संतोख सिंह चौधरी : नहीं हल हुआ है। आप बैठिए। कोई मसला हल नहीं हुआ है।

माननीय सभापति : आप इनको बोलने दीजिए। आप बैठिए। इनके लिए मसला अभी हल नहीं हुआ है। आपके लिए हो गया है। इनको आप बोलने दीजिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री संतोख सिंह चौधरी : वहां गुरु रविदास टैम्पल है। उसके पुजारी को पीटकर भगा दिया गया है और वहां ताला लगा हुआ है तथा बड़ी गंभीर स्थिति है। पहले भी 2009 में गुरु रविदास के नाम पर ऐसे दंगे हुए थे और पंजाब में तो बहुत भारी जान-माल का नुकसान हुआ था। यह बड़ी गंभीर स्थिति है और इसके साथ साथ संगरूर के गांव बरतकलां, मतोई, नमोद और खंकोर गांव में जो जमीनें अनुसूचित जाति के लोगों के लिए रक्षित हैं, उन पर उनको काबिज़ होने नहीं दिया जा रहा है। जेलों में 40-50 लोग जिनमें औरतें और आदमी हैं, वे पड़े हुए हैं। जो प्रान्तीय पंजाब सरकार है, वह बिल्कुल इस तरफ ध्यान नहीं दे रही है। मैं भारत सरकार के माननीय गृह मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि वे इस मामले में इंटरवीन करें वर्ना यह स्थिति पंजाब में बहुत गंभीर बन जाएगी।